Regarding protection and conservation of historical and religious monuments in Mithila Region of Bihar-laid

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : बिहार राज्य का मिथिला क्षेत्र प्राचीन काल से सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से समृद्ध रहा है और जिसका प्रमाण आज भी इस क्षेत्र की ऐसी दर्जनों ऐतिहासिक, पौराणिक और धार्मिक स्थल दे रही है। लेकिन इस ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों की उचित रूप से देखभाल नहीं की गई तथा जिसके कारण कई स्थल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुँच गए हैं। इस क्षेत्र के ऐसे ऐतिहासिक और पौराणिक धार्मिक स्थल हैं जिनका संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना अतिआवश्यक है। आज की परिस्थिति में उस स्थल का विकास पर्यटन की दृष्टि से भी एवं इस क्षेत्र की आर्थिक उन्नति की दृष्टि से भी संवर्धन एवं संरक्षण अति आवश्यक और उचित होगा। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करूँगा कि मिथिला क्षेत्र के ऐसे प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल स्थलों को स्वदेश दर्शन योजना अन्तर्गत "मिथिला सर्किट" के रूप में विकसित किया जाय जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, नए रोजगार के अवसर मिलेंगे और इस क्षेत्र की आर्थिक उन्नति भी होगी।